प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एक लाभकारी व्यवसाय पर प्रशिक्षण आयोजित

पंतनगर। 08 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय में राज्य कृषि प्रबन्धन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान, उत्तराखंड (समेटी–उत्तराखंड) प्रसार प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा 'फल एवं सब्जी प्रसंस्करण–एक लाभकारी व्यवसाय' विषय पर चार–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला उधमसिंह नगर, चमोली, अल्मोड़ा तथा बागेश्वर से 24 प्रसार प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गृह विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग के तीन प्राध्यापकों द्वारा प्रसार प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान डा. नीतू डोभाल तथा डा. अर्चना कुशवाहा द्वारा 'फल एवं सब्जियों का आहार में महत्व'ष्एवं 'फलों से मुरब्बे व टॉफी बनाने की विधियों'षविषय पर व्याख्यान दिया गया। डा. अनुराधा दत्ता द्वारा 'प्रसंस्करण संबंधी प्रदर्शन भ्रमण–गृह विज्ञान महाविद्यालय (प्रयोगात्मक) का आयोजन खाद्य एवं पोषण विभाग में कराया गया, जिसके अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को टमाटर से बने विभिन्न व्यंजन, जैसे टमाटर सॉस एवं टमाटर प्यूरी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।